महत्वपूर्ण एवं खास

आईजी ने निलंबित इंस्पेक्टर को किया बर्खास्त

रायपुर (आरएनएस)। जिले के देवेन्द्र नगर स्थित एक गल्स हॉस्टल में घूसकर आदिवासी महिला के साथ मारपीट करने के मामले मे निलंबित इंस्पेक्टर राकेश चौबे को आईजी अमरेश मिश्रा ने बर्खास्त कर दिया है। आरोपी पर एक और मामले में भी कार्यवाही हुई है जिसमें आरोपी ने पुलिस लाईन कार्यालय में बैठकर डीएसपी तथा टीआई को गालियां दी थी तथा ड्यूटी पर तैनात द्वारा मना किये जाने पर उसे नौकरी से निकलवा देने तथा जान से मारने की धमकी दी थी। बता दें कि 24 मार्च 2023 को देवेंद्र नगर स्थित प्राईवेट गल्स हॉस्टल में ट्रैफिक मुख्यालय रायपुर में पदस्थ इंस्पेक्टर राकेश चौबे नशे में धुत होकर पहुंच गये और हॉस्टल का संचालन करने वाली अंबिकापुर की महिला से बदतमिजी करने लगे तथा कहा कि यहां धंधा चलाती हो मुझे लड़कियां दिखाओ। साथ ही हॉस्टल के रिसेप्शन में बैठी आदिवासी महिला की पिटाई कर दी। इस मामले का विडियो भी सामने आया था। वहीं महिला ने इसकी शिकायत थाने में की थी। मामले की जांच के बाद इंस्पेक्टर चौबे को निलंबित कर एफआईआर दर्ज किया गया था। मामले में कोर्ट ने भी राकेश चौबे को दोषी पाया था और सजा सुनाई थी। दूसरे मामले में राकेश चौबे ने पुलिस लाईन के रिजर्व केंद्र कार्यालय में बैठकर डीएसपी तथा टीआई को गाली देने का है और जब वहां तैनात कांस्टेबल विजेन्द्र दीप ने राकेश चौबे को ऐसा करने से मना किया तो राकेश ने कांस्टेबल विजेन्द्र दीप को नौकरी से निकलवा देने के साथ ही जाति सूचक गाली दी तथा जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने राकेश चौबे के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया था। अब इन मामलों में दोषी इंस्पेक्ट राकेश चौबे को आईजी ने बर्खास्त कर दिया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बलौदाबाजार (आरएनएस)। बलौदाबाजार में शुक्रवार रात को एक बाइक सवार युवक की कार की टक्कर से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार कांग्रेस नेता की है, जो न्याय यात्रा से लौट रहे थे। यह हादसा पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोदवा के पास हुआ। पुलिस ने शव को पलारी हॉस्पिटल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक अपने परिवार में अकेला था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। फिलहाल, कार किस कांग्रेस नेता की है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

एनआईए की छापेमारी जारी, चार जगहों पर चल रही कार्यवाई

कांकेर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में नक्सल मामलों को लेकर हृढ़ढ़ की छापेमारी का सिलसिला जारी है। आज एनआईए की टीम ने कांकेर जिले के नक्सल प्रभावित आमाबेड़ा में स्थानीय पत्रकार के निवास समेत चार स्थानों पर छापे मारे। मौके पर जिले की पुलिस टीम भी मौजूद है, लेकिन छापेमारी के विवरण के बारे में कोई जानकारी अभी तक साझा नहीं की गई है। कार्रवाई सुबह से जारी है, और बड़ा खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

नवरात्रि में डोंगरगढ़ मेले के दौरान दर्शनार्थियों के लिए अतिरिक्त सुविधा व्यवस्था की गई

रायपुर (आरएनएस)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ में नवरात्रि पर्व (दिनांक 03 से 12 अक्टूबर, 2024 तक) मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाडिय़ो का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है। उपरोक्त गाडिय़ों के डोंगरगढ़ व रायपुर तक अस्थायी विस्तार के साथ ही साथ कुछ दूरगामी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी डोंगरगढ़ में दिनांक 03 से 12 अक्टूबर, 2024 तक अस्थायी ठहराव दिया जा रहा हैं।

महिला किसान सम्मेलन में किसानों ने साझा किए कृषि के उन्नत तकनीक

❐ आय में वृद्धि के लिए जैविक खेती के साथ मल्टी लेयर फार्मिंग को किया गया प्रोत्साहित

❐ प्रदान संस्था और एचडीएफसी बैंक के सहयोग से ग्रामीण महिलाओं को मिला रोजगार

रायगढ़

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन प्रोजेक्ट के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में समापन समारोह एवं महिला किसान सम्मेलन का आयोजन प्रदान एनजीओ द्वारा रायगढ़ विकासखंड के ग्राम-साल्हेओना में किया गया। कार्यक्रम में लगभग ढ़ाई हजार किसान शामिल होकर अपने अनुभवों साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि इस पहल से जुड़कर किसानों ने अपनी आजीविका में उल्लेखनीय सुधार किए है। उन्होंने कहा कि किसानों ने खेतीबाड़ी के साथ-साथ पशुपालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, ग्राम उद्योग और अन्य गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय के स्रोत में वृद्धि की है।

कार्यक्रम के दौरान 75 गांवों के किसानों को उन्नत सब्जी उत्पादन, दलहन-तिलहन खेती, मशरूम, पशुपालन एवं अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और साल्हेओना के महिला किसान एवं अन्य गांवों से आये किसानों ने खेतों में क्षेत्र भ्रमण किया जहाँ उन्होंने सब्जी नर्सरी शेड, मचान विधि से सब्जी खेती, पशुपालन, मशरुम, मछली पालन, परतखेती मॉडल (मल्टीलेयर), पंपसेट और ड्रिप, स्प्रिंकलर सिंचाई के माध्यम से उन्नत विधि से कृषि और सब्जी खेती के विस्तृत परिणामों पर चर्चा की और आजीविका संवर्धन का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए थे जो आकर्षण का केंद्र बने। इन स्टॉलों में शासकीय योजनाओं आईएनआरएम, एकीकृत आजीविका, सब्जी खेती, मशरूम, उद्यमियों द्वारा प्राकृतिक खेती और पशुओं का घरेलू उपचार, ड्रिप स्प्रिंकलर, टपक सिंचाई मॉडल और महिंद्रा एग्रो टेक द्वारा अत्याधुनिक मशीनरी का प्रदर्शन शामिल था। प्रदान संस्था के राज्य कार्यालय से आए मसरूर अहमद ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, बिहान, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और प्रदान संस्था के माध्यम से रायगढ़ विकासखंड के 75 ग्रामों के 7500 से अधिक किसानों की आजीविका संवर्धन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल में एचडीएफसी बैंक परिवर्तन द्वारा कृषि, सिंचाई, उद्यमिता और सोलर लाइट हेतु लक्षित परिवारों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है। इसके साथ ही परिवार आधारित योजनाओं के निर्माण के माध्यम से शासन के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ अभिसरण करके परिवारों की सतत आजीविका संवर्धन का कार्य सुनिश्चित किया गया है।

समारोह में जनपद पंचायत एडियो रोशनी दूबे, जिला पंचायत बिहान शाखा से प्रमुख प्रवीण त्रिपाठी, कृषि बिज्ञान केंद्र रायगढ़ से डॉ.बी.एस.राजपूत, एचडीएफसी क्लस्टर हेड मनोज गुप्ता, राजेश महतो, जनपद पंचायत अध्यक्ष भूमिसुता चौहान, उद्यानिकी विभाग के खर्रा, कृषि विज्ञान केंद्र के के.डी.महंत, मत्स्य विभाग के अधिकारी तेजेश्वरी, कृषि विभाग से अभिषेक पटेल, साल्हेओना के सरपंच प्रदीप साय और एचडीएफसी बैंक परिवर्तन प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रशांत बर्मन ने अपने अनुभव साझा करते हुए गाँव स्तर पर हुए विकास और अभिसरण की सराहना की।

जैविक खेती को किया गया प्रोत्साहित- किसान सम्मेलन के आयोजन से कृषकों को खेती-बाड़ी के अनुभवों को साझा करने और संयुक्त रूप से मंथन करने का एक मंच प्राप्त हुआ। जिसमें जैविक खेती पर विशेष जोर दिया गया। जिससे किसानों की आय में और वृद्धि हो सके। कृषि विभाग, पशु विभाग, मत्स्य विभाग और उद्यान विभाग से किसानों को लगातार मार्गदर्शन मिलता रहा। जिससे वे धान फसल के अलावा सब्जियों, मशरूम खेती और पशु पालन पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। किसानों ने बिना रासायनिक खाद और कीटनाशक के फसल उगाने, स्थानीय स्तर पर खाद और कीटनाशक बनाने तथा सब्जियों को बाजार में बेचने जैसी जैविक विधियों को अपनाने के साथ ही अन्य किसानों को प्रोत्साहित किया गया।

उन्नत कृषि हेतु दिया जा रहा प्रशिक्षण, किसानों ने की अनुभव साझा- कृषि उत्पादक संगठन बना कर कृषि उत्पादों को किसानों से लेकर बाजार (मंडी) तक बेचने की व्यवस्था की जा रही है। तीन वर्षों के दौरान एचडीएफसी बैंक परिवर्तन की मदद से कृषि में पंप, शेडनेट घर और नाडेप, पशुपालन में मुर्गी और मुर्गी घर बनाने के सामान, मछली पालन में बीज और जाल, मशरूम खेती में बीज, ड्रम और प्रशिक्षण आदि सहयोग मिला, जिसकी सराहना महिला किसानों ने की। अन्य शासकीय विभागों जैसे बिहान, मनरेगा विभाग, कृषि विभाग, पशु विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग आदि द्वारा अभिसरण की सराहना की गई। किसान सम्मेलन ने किसानों को न केवल अपने अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान किया, बल्कि उन्हें उन्नत कृषि तकनीकों और आधुनिक उपकरणों से अवगत कराकर उनकी उत्पादकता और आजीविका में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्राथमिक शाला छपोरा में पोषण मेला का हुआ आयोजन

रायगढ़

हमने भी मन में ठाना है, हर बच्चे को स्वस्थ बनाना है। आओ हम सब कदम बढ़ाए, कुपोषण को दूर भगाएं। इस नारा को चरितार्थ करने के लिये पूरे देश में कुपोषण के स्तर में व्यापक कमी लाने तथा सुपोषित भारत की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से सुपोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु आज राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत पोषण माह सितंबर 2024 का आयोजन 26 सितम्बर को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश कुमार पटेल के निर्देशानुसार एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक मायाराम गुप्ता के मार्गदर्शन में आज शासकीय प्राथमिक शाला छपोरा, संकुल केन्द्र छपोरा, विकास खण्ड पुसौर जिला रायगढ़ में पोषण मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को संतुलित भोजन, पौष्टिक आहार से संबंधित सामग्रियों को एकत्रित कर मेला का आयोजन किया गया।

उक्त मेले में पोषण युक्त सामग्री जैसे आलू, टमाटर, पत्ता गोभी, सेमी, लाल भाजी, मूली, गाजर, मुनगा की भाजी, कद्दू की भाजी, कोचाई की भाजी, भिंडी, करेला, लौकी, तरोई, धनिया की पत्ती, खीरा, नीबू तथा अन्य हरी सब्जियों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की दाले जैसे अरहर की दाल, मूंगदाल, उड़ददाल जैसे पंच रत्न दाल के साथ आचार, पापड़, सोया बड़ी, के साथ मेले में केला, सेव, संतरा के साथ मौसमी फल भी रहे। इन सभी के साथ अंकुरित की गई चने और दाल भी मेले की शोभा बढ़ा रही थी। कार्यक्रम में उपस्थित महिला स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष एवं सदस्यों तथा सभी रसोईया के साथ प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के दोनों एसएमसी अध्यक्षों के साथ सदस्यों की भी उपस्थित रही। जिन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों को पौष्टिक आहार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम की सराहना भी की। साथ में शाला के प्रधान पाठक प्रदीप कुमार साहनी द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय पोषण दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा साथ ही बच्चों को पौष्टिक आहार के बारे में बताया गया। उपस्थित माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गंगाराम प्रधान द्वारा भी बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पोषण मेला की सराहना की। उक्त कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली शाला की शिक्षिका अलका मिश्रा द्वारा भी बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए पोषण मेला के बारे में बताया एवं आओ हम सब मिलकर कदम बढ़ाए, कुपोषण को दूर भगाएं। कुपोषण को जड़ से मिटाना है, सुपोषण की लहर चलना है। जब मिलेगा सबको पोषण, तभी होगा देश रोशन। चलो शुरू करें पोषण अभियान जिससे होगा जन-जन का कल्याण। जैसे महत्वपूर्ण नारे लगाते हुए कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए सभी को जागरूक किया गया, साथ ही उक्त मेले की आयोजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका भी रही।

रायपुर में पकड़ा गया अजब चोर. जहां पेट्रोल खत्म होता, वहीं छोड़ देता था बाइक

रायपुर। आरएनएस

छत्तीसगढ़ के रायपुर की मंदिर हसौद थाना पुलिस ने शौकिया बाइक चोरी करने वाले आरोपित कैलाश नौरंगे को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 15 चोरी की बाइक जब्त की गई हैं। चोरी के दोपहिया में वह शहर में घूमता था और फिर जहां पेट्रोल समाप्त हो जाता था, वहीं बाइक को वहीं खड़ी कर देता था। पुलिस के अनुसार दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में तिल्दा निवासी कैलाश नौरंगे को पकड़ा गया है। कैलाश पहले भी दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। वह रायपुर जिला के अलावा कोरबा, बिलासपुर सहित कई अन्य जिलों में दोपहिया वाहन चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है।

यू-ट्यूब से सीखा बाइक चोरी करना- कैलाश ने यू-ट्यूब से वाहन चोरी करना सीखा है। वाहन में हैंडल लॉक लगा होता था। कैलाश उन दोपहिया वाहनों की चोरी नहीं करता था। आरोपित कैलाश बड़ी ही सफाई से ब्लेड से दोपहिया वाहन का केबल काटकर चोरी करके ले जाता था। ज्यादातर दोपहिया वाहन लावारिस हालत में रोड किनारे पुलिस को मिले थे, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से थानों में खड़ा करा दिया था। थानों में जो दोपहिया मिले, उनमें से ज्यादातर को अलग-अलग ढाबा संचालकों ने पुलिस के पास जमा किया था। कैलाश किसी ढाबा में खाना खाने जाता था, वहां पैसा नहीं होने का झांसाकर गिरवी के तौर पर दोपहिया छोडक़र भाग जाता था।

डेंगू रोकथाम एवं बचाव के संबंध में निकली जन-जागरूकता रैली

रायगढ़

आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम डेंगू रोकथाम के लिये जागरूकता अभियान चला रही है। जिसके तहत आज वार्ड नं.5 एवं 6 दीनदयाल कालोनी में मितानिन, महिला आरोग्य समिति के सदस्यों तथा समुदाय के लोगों के द्वारा रैली निकाली गई। डेंगू पर नियंत्रण करने घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन का कार्य कर रहे हैं। डेंगू से बचाव व सावधानी बरतने हेतु गली-गली में जागरूक करने हेतु माइकिग द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसमें जिला मलेरिया डॉ.टी.जी. कुलवेदी, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पी.डी. बस्तियां, सुपरवाइजर, आर.एच.ओ. पुरूष/महिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के घर-घर जाकर समझाईश व जानकारी दी जा रही है। वर्तमान में डेंगू केसेस में कमी आयी है और जिले में डेंगू के प्रकरण नियंत्रण में है। मौके पर डेंगू से बचाव के उपाय के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। डेंगू मच्छर से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखना चाहिए, नालियों में जला हुआ मोबिल, मिट्टी तेल का छिडकाव करें। फूल आस्तीन के वस्त्र पहनने चाहिए, रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए, कुलर में स्थिर पड़े हुए पानी का निष्कासन, टायर, नारियल खोल इत्यादि में ठहरे हुए पानी को खाली करना चाहिए। साथ ही आम जनता से अपील की गई कि रायगढ़ जिला को डेंगू मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें।

विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन स्थलों की दी गई जानकारी

❐ जानकी कालेज में हुआ कार्यक्रम

रायगढ़। विश्व पर्यटन दिवस अवसर पर पर्यटक सूचना केंद्र रायगढ़ एवं जानकी कालेज ऑफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में जानकी कॉलेज में विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को छत्तीसगढ़ के समस्त पर्यटन स्थलों की जानकारी, पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध सरकारी रिजॉर्ट, पर्यटन सुविधाओं एवं टुरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदान किये जा रहे रिसॉर्ट बुकिंग पर डिस्काउंट के संबंध में और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित सभी को पर्यटन साहित्य प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पर्यटक सूचना केन्द्र प्रभारी विकास भोई ने सभी को छत्तीसगढ़ के सभी पर्यटन स्थलों को कॉलेज ग्रुप तथा अपने परिवारों के साथ घूमने जाने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक अभिक तिवारी ने विद्यार्थियों को बताया की पर्यटन स्थलों मे घूमने से मनोरंजन के साथ-साथ हमारे ज्ञान मे भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि रायगढ़ शहर एवं आस पास मे धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के पर्यटन स्थलों को अवश्य घूमने जाए एवं वहां स्वच्छता का ध्यान रखें। सुशील पटेल ने भी पर्यटन के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.गजेन्द्र चक्रधारी ने पर्यटन के महत्व को बताते हुए कहा कि पर्यटन के गतिविधि बढऩे से रोजगार के अवसर भी बढ़ते है और छत्तीसगढ़ ऐतिहासिक,धार्मिक, प्राकृतिक के साथ-साथ प्राचीन लोक संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण है। इस अवसर पर जानकी कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं के साथ-साथ सहा.प्रा.नरेंद्र प्रधान, मयंक डनसेना, सीताराम केवट, अंजू पटेल, मानिनी प्रधान और राजू केवट उपथित रहे।

साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे प्रभावी उपाय: डीएसपी अभिनव उपाध्याय

❐ डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने अडाणी पावर लिमिटेड में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा पर अधिकारी, कर्मचारियों को किया जागरूक"

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में प्रतिदिन सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज थाना पुसौर क्षेत्र अंतर्गत स्थापित अडाणी पावर लिमिटेड में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम रखा गया।

साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे प्रभावी उपाय

डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने बताया कि सोशल मीडिया ग्रुप्स के जरिए लोगों को स्कैम का शिकार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साइबर वर्ल्ड में अनजान व्यक्ति और अनजान लिंक पर भरोसा नहीं करें। साइबर क्रिमिनल्स इन्वेस्टमेंट स्कैम, ट्रेडिंग स्कैम के जरिए ठगी को अंजाम दिया जा रहा है, इससे बचे। उन्होंने कहा कि अनजान लिंक और फर्जी कॉल से बचने की सलाह दी और लालच में आकर अनजान कंपनियों में निवेश न करने की हिदायत दी।

सोशल मीडिया पर सावधानी बरतें- सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती कर उनके झांसे में आकर कई बार अपनी निजी तस्वीरें विडियोज शेयर कर बैठते हैं इसके बाद परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार पीड़ित डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। इसीलिए फेक यूजर्स को पहचाने और अनजान व्यक्तियों के फ्रेंड रिक्वेस्ट अक्सेप्ट ना करें। कार्यक्रम में सभी को वाट्सएप इंस्टाग्राम इस्तमाल करते समय आवश्यक प्राइवेसी सेटिंग की जानकारी भी दी।

साइबर अपराधों से बचने के लिए सुझाव- डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने बताया कि साइबर अपराधी फोन कॉल या लिंक के जरिए फर्जी जानकारी देकर लोगों को फंसाते हैं, जैसे "फेक वारंट" दिखाकर, "डिजिटल अरेस्ट" या "सेक्सटॉर्शन" के जरिए लोगों से पैसे ऐंठे जाते हैं। इस तरह के मामलों से बचने का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता है। डीएसपी उपाध्याय ने उपस्थित कर्मचारियों को फिशिंग, क्रिप्टो करेंसी, शेयर मार्केट फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन, और डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से बचने के लिए सुझाव दिए।

पं. रविशंकर शुक्ल सम्मान, यतियतन लाल सम्मान एवं महाराजा अग्रसेन सम्मान के लिए 3 अक्टूबर तक मंगाए गए आवेदन

रायगढ़

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार अंतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान एवं यतियतन लाल सम्मान तथा अखिल भारतीय पुरस्कार अंतर्गत महाराजा अग्रसेन सम्मान के लिए 3 अक्टूबर 2024 सायं 5.30 बजे तक आवेदन मंगाए गए है। आवेदक जिस जिले का निवासी हो उस जिले के कलेक्टर को अपनी प्रविष्टि निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत कर सकेगा। सीधे विभाग को प्राप्त प्रविष्टि पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। रायगढ़ जिले के इच्छुक आवेदक नियत तिथि एवं समय पर कार्यालय कलेक्टर, जिला रायगढ़ में आवेदन जमा कर सकते है।

पण्डित रविशंकर शुक्ल सम्मान-2024

राज्य शासन ने सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में किये गये अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विक सित करने की दृष्टि से राज्य स्तरीय पण्डित रविशंकर शुक्ल सम्मान की स्थापना की है। वर्ष 2024 के लिए उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के एक व्यक्ति / एक संस्था के चयन हेतु सर्वसंबंधितों से आवेदन मंगाए गए है। उक्त पुरस्कार की राशि रूपये 2.00 लाख (दो लाख रूपये) चयनित व्यक्ति/संस्था को नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी।

यतियतन लाल सम्मान-2024

राज्य शासन ने अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में किये गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राज्य स्तरीय यतियतन लाल सम्मान की स्थापना की है। वर्ष 2024 के लिए उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के एक व्यक्ति / एक संस्था के चयन हेतु सर्वसंबंधितों से आवेदन मंगाए गए है। उक्त पुरस्कार की राशि रूपये 2.00 लाख (दो लाख रूपये) चयनित व्यक्ति को नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी।

महाराजा अग्रसेन सम्मान-2024

राज्य शासन ने सामाजिक, समरसता यथा सभी वर्गो में समभाव, सौहार्द, समाज सेवा के स्थाई कार्य जैसे अस्पताल, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास के अन्य स्थाई स्वरूप के कार्यो में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकसित करने के योगदान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से अखिल भारतीय महाराजा अग्रसेन सम्मान की स्थापना की है। वर्ष 2024 के लिए उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए एक व्यक्ति के चयन हेतु सर्वसंबंधितों से आवेदन मंगाए गए है। उक्त पुरस्कार की राशि रूपये 2.00 लाख (दो लाख रूपये) चयनित व्यक्ति को नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी।

उक्त पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा। पुरस्कार हेतु प्रविष्टि निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति कर प्रस्तुत की जाए। व्यक्ति/संस्था का पूर्ण परिचय। सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्र में अभिनव प्रयत्नों के लिए किए गए कार्यो की सप्रमाण विस्तृत जानकारी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU